दिनांकः 05 मार्च, 2024 अपराह्न 02:15 बजे प्रो० फाल्गुनी गुप्ता, अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर के प्रशासकीय परिषद की 17वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० फाल्गुनी गुप्ता,<br>कुलपति,<br>GLA विश्वविद्यालय, मथुरा। | अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। |
| 2. | श्री गजेन्द्र सिंह,<br>अपर निदेशक,<br>कोषागार,<br>अयोध्या मण्डल, अयोध्या। | प्रतिनिधि सदस्य, सचिव वित्त विभाग,<br>उ०प्र० शासन। |
| 3. | प्रो० वंदना सहगल,<br>प्राचार्य,<br>वास्तुकला एवं योजना संकाय, लखनऊ। | प्रतिनिधि सदस्य, मा० कुलपति,<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। |
| 4. | डा० डी० फिलिप,<br>सह–आचार्य, प्रबंधन विज्ञान विभाग,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर। | प्रतिनिधि सदस्य, निदेशक, भारतीय<br>प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर। |
| 5. | प्रो० एम०एम० गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो० एस०पी० चौरसिया,<br>केमिकल इंजी० विभाग,<br>मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो० बी०के० कनौजिया,<br>निदेशक,<br>राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर। | सदस्य |
| 8. | श्री सुशील कुमार अग्रवाल,<br>अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक,<br>एवरो इंडिया लिमिटेड, गाजियाबाद, उ०प्र०। | सदस्य |
| 9. | प्रो० विशाल सिंह चन्देल,<br>विभागाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। | सदस्य |

10. प्रो० जी० नलनकिल्ली, — सदस्य–सचिव
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर।

अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके –

1. श्री एम० देवराज, आई०ए०एस०, — उपाध्यक्ष
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ०प्र० शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, — सदस्य
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,
विकास नगर, कानपुर।
3. निदेशक, — सदस्य
मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
इलाहाबाद, प्रयागराज।
4. प्रो० एस०एन० त्रिपाठी, — सदस्य
सिविल इंजी० विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

सर्वप्रथम सदस्य–सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष, एवं सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य–सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**17:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न 16वीं बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त के अवलोकनोपरान्त प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

**17:02 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न 16वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न 16वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान करते हुए कतिपय बिन्दुओं पर निम्नलिखित निर्देश दिये :–

13:13 पुस्तकालय में TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय के प्रकरण के सम्बन्ध में गठित समस्त जाँच समितियों द्वारा दी गयी रिपोर्ट का सारांश संस्थान के कुलसचिव एवं निदेशक द्वारा तैयार करते हुये सारांश को प्रशासकीय परिषद के मा० अध्यक्ष एवं सदस्यों को ई–मेल द्वारा प्रेषित किये जाने एवं उक्त प्रकरण को आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

16:04 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देश दिया गया कि शैक्षिक सत्र 2025–26 से संस्थान में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।

16:16 संस्थान के अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति निर्धारण के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा उ०प्र० राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली (2011, 2014, 2016, 2021) को अंगीकृत किये जाने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुये उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

16:30 (अ) वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्मिकों के वेतन भुगतान के सम्बन्ध में संस्थान स्तर पर सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष से कार्मिकों की उपस्थिति प्रमाणित करवाकर संस्थान निदेशक द्वारा कार्मिकों के कार्यदिवसों की गणना के आधार पर वेतन भुगतान में व्यय होने वाली कुल धनराशि (आगणन सहित) आगामी वित्त समिति की बैठक में वेतन भुगतान हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

17:03 दिनांकः 24 मार्च, 2023 एवं 10 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न संस्थान के वित्त समिति की क्रमशः 14वीं एवं 15वीं बैठकों के कार्यवृत्तों का औपचारिक अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की वित्त समिति की 14वीं एवं 15वीं बैठक के कार्यवृत्तों का औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया एवं निर्देश दिया गया कि संस्थान के वित्त एवं लेखाधिकारी, कुलसचिव एवं वरिष्ठ संकाय सदस्यों की एक समिति बनाकर विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों से सावधि जमा पर ब्याज दर हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाएं एवं आवश्यक बजट के अतिरिक्त शेष बचत की राशि की एक एफ०डी० बनवायी जाय।

17:04 दिनांकः 11 नवम्बर, 2022 एवं 22 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की क्रमशः 20वीं एवं 21वीं बैठक के कार्यवृत्तों का औपचारिक अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद केन्द्रीय क्रय समिति की 20वीं एवं 21वीं बैठक के कार्यवृत्तों से अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

17:05 संस्थान की आडिटेड बैलेन्स शीट वित्तीय वर्ष 2022–23 से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद संस्थान की आडिटेड बैलेन्स शीट वित्तीय वर्ष 2022–23 से अवगत हुई।

17:06 शासन द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में प्रो० संदीप तिवारी, को संस्थान के निदेशक पद से कार्यमुक्त करने के सम्बंध में कार्योत्तर सहमति/अनुमोदन।

शासन द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में प्रो० संदीप तिवारी, को संस्थान के निदेशक के पद से कार्यमुक्त किये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रदान किया।

17:07 डा० संजय अग्रवाल, का० कुलसचिव एवं सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग को कार्यवाहक निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर का प्रभार दिये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा डा० संजय अग्रवाल, का० कुलसचिव एवं सहायक आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग को कार्यवाहक निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर का प्रभार दिये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं भविष्य में शासन के निर्देशों के क्रम में अथवा अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के निर्देशानुसार निदेशक पद के प्रभार का हस्तांतरण किये जाने के निर्देश दिये गये।

17:08 डा० जी० नलनकिल्ली, निदेशक, उ०प्र० वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को कार्यवाहक निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर का दायित्व दिये जाने की सूचना एवं कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा डा० जी० नलनकिल्ली, निदेशक, उ०प्र० वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को कार्यवाहक निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर का अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

17:09 निदेशक पद हेतु प्राप्त आवेदनों के लिये स्क्रूटनी समिति के गठन की सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा स्क्रूटनी समिति के गठन का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं यह सुझाव दिया गया कि भविष्य में विशेषज्ञ अलग–अलग संस्थानों से रखा जाना उचित होगा।

17:10 निदेशक पद के चयन हेतु चयन समिति गठन के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा निदेशक पद हेतु गठित चयन समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

17:11 निदेशक पद के चयन की अद्यतन स्थिति से परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार निदेशक पद के चयन हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

17:12 दिनांकः 25 जुलाई, 2022 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 16वीं बैठक के पश्चात् संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक कार्यों की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद संस्थान में सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की 16वीं बैठक के पश्चात् संस्थान में हुए विभिन्न क्रियाकलाप, शैक्षिक कार्य एवं विकास कार्यों से अवगत हुई एवं यह निर्देश दिया कि प्रवेश, परीक्षाफल एवं प्लेसमेन्ट इत्यादि की स्थितियों को बार चार्ट के रूप में प्रस्तुत किया जाय तथा संस्थान में संचालित टेस्टिंग एवं कन्सलटेन्सी के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा टेस्टिंग एवं कन्सलटेन्सी नियमों के निर्धारण हेतु मा० कुलपति, ए०के०टी०यू०, लखनऊ द्वारा गठित समिति से समन्वय स्थापित करते हुए समिति की आख्या आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

17:13 संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति में राज्य सरकार द्वारा सदस्य के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद केन्द्रीय क्रय समिति में श्री सुरेश कुमार बसंत, प्राचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, भीटी, अम्बेडकर नगर के नामांकन से अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

17:14 प्रशासकीय परिषद में सदस्य के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद में संस्थान के वरिष्ठतम आचार्य, डा० विशाल सिंह चन्देल, विभागाध्यक्ष, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग के नामांकन से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

17:15 संस्थान में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, गोण्डा के संचालन की सूचना।

प्रशासकीय परिषद राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, गोण्डा के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर में संचालन से अवगत हुई।

17:16 डा० सूर्य प्रकाश सिंह, सह–आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग को पुनः विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियन्त्रण विभाग का कार्यभार प्रदान किये जाने के सम्बंध में कार्योत्तर अनुमोदन।

दिनांकः 18 अक्टूबर, 2023 को डा० सूर्य प्रकाश सिंह, सह–आचार्य, विद्युत अभियन्त्रण विभाग को विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियन्त्रण विभाग नामित किये जाने से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

17:17 मा० उच्च न्यायालय प्रयागराज (खण्डपीठ–लखनऊ) में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद मा० उच्च न्यायालय प्रयागराज (खण्डपीठ–लखनऊ) में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई एवं यह निर्देश दिया कि समस्त वादों की प्रभावी पैरवी की जाय, साथ ही यदि कोई वाद किसी कार्यबिन्दु से सम्बन्धित है तो उसे एक स्थान पर ही उल्लिखित/प्रस्तुत किया जाय।

17:18 पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना **(DDUQIP)** की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना **(DDUQIP)** के प्रथम एवं द्वितीय फेज के कार्यों के अद्यतन स्थिति की सूचना से अवगत हुई।

17:19 संस्थान में रिक्त शैक्षिक पदों की वस्तुस्थिति व पदों को भरे जाने पर विचार एवं अनुमोदन।

संस्थान में रिक्त शैक्षिक पदों की वस्तुस्थिति से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांक: 484252/2024–16–1099/65/2023, दिनांक: 02 फरवरी, 2024 में प्राविधानित व्यवस्थानुसार चयन की कार्यवाही केन्द्रीयकृत रूप से विश्वविद्यालय द्वारा कराये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

17:20 संस्थान के विस्तारीकरण हेतु नागरिक उड्डयन विभाग के खाते की 2.514 हेक्टेयर भूमि संस्थान के नाम निःशुल्क हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद संस्थान के विस्तारीकरण हेतु नागरिक उड्डयन के खाते की 2.514 हेक्टेयर भूमि (गाटा संख्याः 241, 311, 315, 386, 387ख, 400ख, 401ख, 402, 403ख, 486, 502, 506, 518, 341, 420, 421ख, 422 व 423) संस्थान के नाम निःशुल्क हस्तान्तरण किये जाने से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

17:21 संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लैबों की साज–सज्जा, मशीनें/संयंत्र एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि रू० 105.03 लाख से उपकरणों के क्रय का कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद उक्त से अवगत होते हुए विभिन्न प्रयोगशालाओं हेतु उपकरणों को क्रय किये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

17:22 दिनांक: 06 दिसम्बर, 2023 को प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में प्राप्त निर्देश के क्रम में समूह ख व ग के पदों की अर्हता निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन।

शासन द्वारा सृजित पदों में से कुछ पदों को सीधी भर्ती द्वारा ना भरे जा सकने के कारण उन पदों के सापेक्ष कुछ अन्य पदनामों के शासन के प्रस्ताव पत्र संख्या– 76/2024/16–1099/784/2019 दिनांक: 09 जनवरी, 2024 से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर द्वारा शासन को प्रेषित किये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा योग्यता निर्धारण किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

17:23 मानव संसाधन एवं सुरक्षा कार्मिक की आपूर्ति हेतु प्रभावी अनुबन्ध अवधि को विस्तारित किये जाने के सम्बंध में कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रशासकीय परिषद की 14वीं बैठक में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से सृजित 10 सफाई कर्मियों के स्थान पर 14 सफाई कर्मियों के पदों के अनुमोदन के स्थान पर पुनः कुल 10 पदों पर ही अनुमोदन प्रदान किया गया एवं नयी निविदा के अनुबन्ध प्रभावी होने तक वर्तमान दरों पर अनुबन्ध अवधि को विस्तारित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया एवं यह भी निर्देश दिया गया कि नयी निविदा की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाय।

17:24 संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के वेतन वृद्धि पर विचार एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं यह निर्देश दिया कि प्रकरण को वित्त समिति के अनुमोदनोपरान्त ही प्रशासकीय परिषद में प्रस्तुत किया जाय।

17:25 **Techniz Books International** द्वारा योजित रिट याचिका सं० 8107/2022 (रिट–सी०) की प्रभावी पैरवी हेतु अधिवक्ता आबद्ध किये जाने की सूचना एवं कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिया कि भविष्य में रिट को दाखिल करने की तिथि, सुनवाई की स्थिति एवं Terms of Reference (TOR) को स्पष्ट रूप से उल्लिखित करते हुए प्रकरण को प्रस्तुत किया जाय।

17:26 संस्थान एवं **HFM SOLAR (UP-2) Private Limited, New Delhi** के द्वारा रेस्को मॉडल पर **460KV** के सोलर रूफटॉप के लगाये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

17:27 संस्थान में जिओ टावर लगवाये जाने की सूचना एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद प्रकरण से अवगत हुई एवं कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया तथा सेवा प्रदाता से स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या न होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

17:28 संस्थान में हुई चोरी के दृष्टिगत वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से अतिरिक्त सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति का कार्योत्तर अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान हेतु सृजित पदों से एक अधिक सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति सुरक्षा की दृष्टि से अल्पकालिक समय के लिये किये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान करते हुए यह निर्देश दिया गया कि इस पद को आगे नई निविदा में न बढ़ाया जाय एवं सुरक्षा के अन्य प्रभावी उपाय किये जाएँ।

17:29 डॉ०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा **B.Tech.** के पाठ्यक्रम में नये विषय तथा **Sports And Yoga/NSS(BVA251/BVA252)** तथा **Sports And Yoga-II/NSS-II(BVE451/BVE 452)** के संचालन हेतु रिक्त पदों के सापेक्ष अतिरिक्त अतिथि व्याख्याताओं के चयन के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।

रिक्त शैक्षिक पदों के सापेक्ष विज्ञापन प्रकाशित हो जाने के कारण प्रकरण को स्थगित किया गया।

17:30 शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए **AICTE** द्वारा एक्सटेंशन आफ अप्रूवल **(EOA)** के सम्बंध में एवं शैक्षिक सत्र 2023– 24 हेतु विश्वविद्यालय से अस्थाई सम्बद्धता की सूचना।

प्रशासकीय परिषद AICTE द्वारा एक्सटेंशन आफ अप्रूवल (EOA) एवं शैक्षिक सत्र 2023–24 हेतु विश्वविद्यालय से अस्थाई सम्बद्धता से अवगत हुई।

17:31 संस्थान में अतिथि व्याख्याताओं द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त संस्थान से त्यागपत्र देने के उपरान्त प्रतीक्षा सूची से अतिथि व्याख्याताओं के नामों के चयन किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त शैक्षिक कार्यों के निर्बाध रूप से संचालन के दृष्टिगत केवल अतिथि व्याख्याताओं को प्रतीक्षा सूची से चयन हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

17:32 संस्थान के कुछ शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में पूर्व निदेशक द्वारा की गयी प्रतिकूल टिप्पणी के क्रम में परिषद से विचार एवं निर्देश।

संस्थान के कतिपय शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में पूर्व निदेशक द्वारा की गयी प्रतिकूल टिप्पणी के सन्दर्भ में प्रशासकीय परिषद को संस्थान निदेशक द्वारा अवगत कराया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा व्यापक चर्चा के उपरान्त उक्त प्रकरण के नियमानुसार निस्तारण हेतु प्रशासकीय परिषद के माननीय सदस्यों ने सुझाव दिया कि सुधारात्मक कार्यवाही करने एवं ACR में प्रतिकूल टिप्पणी के परीक्षण हेतु मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाय, तदोपरान्त समिति की रिपोर्ट एवं सम्बंधित शिक्षकों के ACR की हार्ड कॉपी आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

17:33 संस्थान के विस्तारीकरण हेतु नागरिक उड्डयन विभाग से प्राप्त 2.514 हेक्टेयर भूमि के बाउंड्रीवॉल, संस्थान में ओपेन एयर थियेटर एवं आवासीय परिसर, छात्रावासों हेतु एक ड्रेनेज सिस्टम इत्यादि के लिये वित्तीय वर्ष 2024–25 में शासन से अनुदान का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा नागरिक उड्डयन विभाग की 2.514 हेक्टेयर भूमि हेतु प्रस्तावों से अवगत हुई एवं भूमि के मालिकाना हक हेतु अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित किये जाने एवं मालिकाना हक प्राप्त करने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।

17:34 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक तीन से चार माह में कराये जाने के निर्देश दिये गये एवं अन्य प्रस्ताव न होने के कारण अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को सदस्य–सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(डॉ० जी० नलनकिल्ली)
निदेशक / सदस्य–सचिव
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर

(प्रो० फाल्गुनी गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर